पंजाब केसरी
WED,13 OCTOBER 2021
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगी राजकीय कालेज की 2 एन.सी.सी. कैडेट्स

कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं के चित्र। (सुनील)

जींद, 12 अक्तूबर (हिमांशु) : गोहाना रोड स्थित राजकीय कालेज में तृतीय वर्ष की 2 एन.सी.सी. कैडेट्स सुमन और अनिता का 29 को चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में होने वाले हरियाणवी संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी द्वारा करवाया जा रहा है। जिले के 30 प्रतिभागी कलाकारों के साथ कालेज की 2 छात्राएं भी प्रस्तुतियां देंगी। कालेज की छात्रा सुमन और अनिता का चयन सरस्वती कला मंच के माध्यम से लोक नृत्य में हुआ है। कालेज की इन दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर 15 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग अधिकारी जयंतो घोष ने बधाई दी है। कालेज प्राचार्या शीला दहिया ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियो को अपनी छुपी हुई प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और उनके मनोबल में वृद्धि होती है।

राजकीय महाविद्यालय जींद की फाइनल ईयर की दो एनसीसी कैडेट्स सुमन और अनीता 29 अक्टूबर को चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित हरियाणवी संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिये चयनित हुई। इस कार्यक्रम में जींद जिले के 30 प्रतिभागी कलाकार हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। सुमन और अनीता का चयन सरस्वती कला मंच के माध्यम से लोक नृत्य विधा में हुआ है । 15 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल जयंतो घोष एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने प्रतिभागियों के चयन पर खुशी जाहिर की और उन्हें शुभकामनायें भेंट की। प्राचार्या श्री मती शीला दहिया ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियो को अपनी छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने का मोका मिलता है और उनके मनोबल में वृद्धि होती है